राजस्थान अधीनस्थ एवं मंत्रालय सेवा चयन बोर्ड परीक्षा 2018

शारीरिक प्रशिक्षण अनुदेशक भर्ती परीक्षा 2018

पाठ्यक्रम

21. **शारीरिक प्रशिक्षण अनुदेशक ग्रेड–III के पदों पर भर्ती हेतु परीक्षा की स्कीम एवं पाठ्यक्रमः–** **शारीरिक प्रशिक्षण अनुदेशक ग्रेड–III** के पदों पर सीधी भर्ती हेतु परीक्षा की स्कीम निम्नानुसार होगी :–

प्रश्न पत्र–I

1. प्रश्न पत्र अधिकतम 200 अंकों का होगा।
2. प्रश्न पत्र की समयावधि 2.00 घन्टे की होगी।
3. प्रश्न पत्र में बहु विकल्प के 100 प्रश्न होंगे।
4. प्रश्न पत्र में निम्नलिखित विषय होंगे जिनके अंक उनके सामने दर्शाये गये अनुसार होंगे :–

(i) राजस्थान का भौगोलिक, ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और सामान्य ज्ञान	80 अंक
(ii) राजस्थान की समसामयिक घटनाएँ	20 अंक
(iii) विश्व और भारत का सामान्य ज्ञान	60 अंक
(iv) शैक्षिक मनोविज्ञान	40 अंक
योग	**200 अंक**

5. परीक्षा के लिए प्रश्न पत्र का विस्तृत पाठ्य विवरण और विस्तार ऐसा होगा जो बोर्ड द्वारा समय–समय पर विहित किया जाये और अभ्यर्थियों को नियत समय के भीतर, ऐसी रिति से, जो बोर्ड उचित समझे, सूचित किया जायेगा।

www.studywithgyanprakash.com

प्रश्न पत्र–II

1. प्रश्न पत्र अधिकतम 260 अंकों का होगा ओर (नीचे उल्लेखित टिप्पणी के अनुसार) क्रीड़ा/टूर्नामेन्ट में भाग लेने के लिए अधिकतम 40 अंक प्रदान किये जायेंगे।

2. प्रश्न पत्र की समयावधि 2.00 घन्टे होगी।

3. प्रश्न पत्र में बहुविकल्प के 130 प्रश्न होंगे।

4. प्रश्न पत्र में निम्नलिखित विषय होंगे जिनके अंक उनके सामने दर्शाये गये अनुसार होंगे :–

(i) सैकण्डरी और सीनियर सैकण्डरी स्तर की शारीरिक शिक्षा का सामान्य ज्ञान	60 अंक
(ii) क्रीड़ा और शारीरिक शिक्षा का सामान्य ज्ञान और समसामयिक घटनाएँ और इतिहास	40 अंक
(iii) शारीरिक शिक्षा के सिद्धान्त, परिभाषाएँ और इतिहास	20 अंक
(iv) शिक्षा और खेल मनोविज्ञान	20 अंक
(v) शारीरिक शिक्षा की विधियाँ, पर्यवेक्षण और उसके संगठन	20 अंक
(vi) प्रशिक्षण के सिद्धान्त और विनिश्चय	20 अंक
(vii) मूल शरीर रचना का विज्ञान, उसकी क्रिया और स्वास्थ्य शिक्षा	40 अंक
(viii) मनोरंजन, कैम्प और योग	40 अंक
योग	**260 अंक**

www.studywithgyanprakash.com